Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 08-08-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to accord Central University status to Patna University.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, पटना विश्वविद्यालय देश के अति प्राचीन विश्वविद्यालयों में से एक गिना जाता है। यह विश्वविद्यालय प्राचीन होते-होते कई सब्जैक्ट्स में अपना एक उच्च सम्मान रखता है। पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश वविद्यालय का दर्जा देने के लिए काफी दिनों से मांग आ रही है। माननीय मानव संसाधन मंत्री जी ने इसी सदन में आश्वासन भी दिया था, परन्तु अभी तक उस पर कोई ठोस कार्यवाही केन्द्र सरकार द्वारा नहीं की गई, इस कारण बिहार की जनता में काफी आक्रोश है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से पटना विश्वविद्यालय का मान-सम्मान और गौरव बढ़ेगा एवं पटना सहित, पूरे बिहार की जनआकांक्षाओं के प्रति एक विश्वास के रूप में उभरेगा। बिहार इतना बड़ा प्रदेश है और वहां एक भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय नहीं है, यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूं कि पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए और वहां की जनता की जो वर्षों से मांग है, उसकी पूर्ति की जाए। इसलिए मैं मंत्री जी से मांग करूंगा कि यथाशीघ्र इस पर ठोस कार्यवाही की जाए।